**भास्कर खास** • 55 घरेलू एयरपोर्ट पर जनवरी से जून 2022 के बीच सर्वे, रांची पिछले साल दूसरे नंबर पर था

# रांची एयरपोर्ट से सफर करना यात्रियों के लिए सबसे सुखद अनुभव, यात्री सुविधा देने में देश भर में अव्वल, पांच में मिले 4.99 प्वाइंट

प्रमुख संवाददाता | रांची

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा देश के 55 एयरपोर्ट पर ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में रांची और उदयपुर एयरपोर्ट को नंबर एक की पोजीशन मिली। दोनों को पांच प्वाइंट में 4.99 नंबर मिले हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन वीपी अग्रवाल ने बताया कि घरेलू एयरपोर्ट के लिए यह सर्वे जनवरी से जून 2022 के बीच में किया है। इस दौरान यात्रियों से ऑन स्पॉट अथॉरिटी के अधिकारियों ने यात्रियों से 38 सवाल किए, जिसका जवाब ऑन स्पॉट ही यात्रियों से ऑनलाइन भरवाया गया। इसी सर्वे की रिपोर्ट में यात्रियों को सबसे बेहतरीन सुविधा देने वाले एयरपोर्ट में रांची और उदयपुर एयरपोर्ट को देश में सबसे बेहतरीन माना गया है। इसके साथ ही यात्रियों को एयरपोर्ट के इंट्री गेट से लेकर विमान में बोर्डिंग होने तक अथॉरिटी और सीआईएसएफ जवान बेहतर रिस्पांस देते हैं। यहां यात्रियों को एयरपोर्ट पर किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। पिछले सर्वे में रांची एयरपोर्ट को नंबर दो का पोजीशन मिला था। तब रांची एयरपोर्ट को 4.97 प्वाइंट मिले थे। बाकी एयरपोर्ट को पर यात्री सुविधा देने पर औसतन 4.63 प्वाइंट मिले हैं।

## सीआईएसएफ के व्यवहार को भी यात्रियों ने सराहा

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की एंट्री गेट पर सीआईएसएफ द्वारा चेकिंग प्वाइंट से लगेज स्कैनिंग, मेन सिक्यूरिटी जांच और बोर्डिंग तक यात्रियों को बेहतरीन सुविधा मिली है। साफ-सफाई से लेकर अन्य सुविधा को भी यात्रियों ने बेहतरीन बताया। अच्छा व्यवहार करते हैं।

| 5 टॉप एयरपोर्ट | |
|---|---|
| रांची | 4.99 |
| उदयपुर | 4.99 |
| पोर्टबलेयर | 4.98 |
| जामनगर | 4.96 |
| भोपाल | 4.96 |
| जम्मू | 4.96 |

## देवघर-दिल्ली के बीच 30 जुलाई से रोजाना फ्लाइट

**धनबाद** | देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए सीधी विमान सेवा 30 जुलाई से शुरू हो रही है। इंडिगो एयरलाइंस की 186 सीटर एयरबस 320 की फ्लाइट देवघर से दिल्ली के लिए रोजाना होगी। फ्लाइट संख्या 6ई 6191 दिल्ली से दोपहर 1:00 बजे उड़ान भरकर 2:45 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में फ्लाइट संख्या 6ई 6192 दोपहर 3:15 बजे देवघर से उड़कर शाम 5:20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। एक तरफ का औसत किराया 5 से 7 हजार रुपए के बीच होगा।